एक्सक्लूसिव 'स्मार्ट शॉप' का शुभारंभ

इंदौर।

ओरिएंट इलेक्ट्रिक, जोकि विविधीकृत भारतीय समूह सीके बिरला ग्रुप का एक हिस्सा है, ने आज इंदौर, मध्यप्रदेश में अपने दूसरे एक्सक्लूसिव 'स्मार्ट शॉप' का शुभारंभ किया। यहां पर एक छत के नीचे ओरिएंट इलेक्ट्रिक उत्पादों की पूरी श्रृंखला उपलब्ध होगी। यह स्मार्ट स्टोर एक समग्र शॉप के रुप में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएगा, जहां पर उपभोक्ता ओरिएंट इलेक्ट्रिक के उत्पादों को देख, स्पर्श व अनुभव कर सकेंगे एवं खरीदारी कर सकेंगे। इन

उत्पादों में पंखे, लाइटिंग, होम एप्लाइंसेज एवं स्विचगियर शामिल हैं। इस स्टोर के शुभारंभ में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्थानीय निवासी शामिल हुए। इस अवसर पर राकेश खन्ना, सीईओ, ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने कहा कि, ''हम भारत में अपनी दूसरी स्मार्ट शॉप के शुभारंभ से उत्साहित हैं, यह हमारे इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट्स की व्यापक श्रृंखला के साथ ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायता करेगा। वर्तमान समय में ओरिएंट सर्वाधिक विश्वसनीय उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल ब्रांड है और हम इस ब्रांड अनुभव को अपने ग्राहकों के और नजदीक ले जाना चाहते हैं। यह स्मार्ट शॉप न सिर्फ हमारे उत्पादों की समूची श्रृंखला को प्रस्तुत करता है, बल्कि यहां पर सर्विस की भी सुविधा उपलब्ध है। हमारा लक्ष्य सफलतापूर्वक अपने ब्रांड वादे को पुरा करना है और साथ ही साथ अपनी पहुंच का विस्तार करना भी है। वर्ष 2016-17 में हम अनेक स्मार्ट शॉप्स खोलने की योजना बना रहे हैं।'' एलईडी लाइटिंग सेगमेंट में ओरिएंट तीसरा विशालतम निर्माता है। एलईडी लाइटिंग समाधानों में वर्तमान पेशकशें घर, ऑफिस, रीटेल और औद्योगिक आवश्यकताओं को कवर करती हैं। होम एप्लाइंसेज सेगमेंट में ओरिएंट ने क्रांतिकारी 4-वे कूलिंग तकनीक से युक्त रुम कूलर्स की रेंज को पेश किया गया है।